<u>विधानसभा / महत्वपूर्ण</u>

# कार्यालय संचालक

## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email- dirfood.cg@gov.in, website- www.fcs.cg.gov.in)

क्रमांक 146 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 30 / 6 / 2026

प्रति,

1. **प्रबंध संचालक,**
   छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.
   अटल नगर, नवा रायपुर
2. **प्रबंध संचालक,**
   अपेक्स बैंक,
   अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.
3. **समस्त कलेक्टर,**
   छत्तीसगढ़

**विषय :– विधानसभा प्रश्न क्रमांक 743 अतारांकित द्वारा श्री धरमलाल कौशिक, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 743 अतारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 02.07.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

Sonkar

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 147 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 30 / 6 / 2026

**प्रतिलिपि :–**

समस्त खाद्य नियंत्रक / खाद्य अधिकारी, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

Sonkar

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ विधान सभा सचिवालय

**प्रश्न**

---

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **10/07/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **17/07/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **राईस मिलरों द्वारा धान का उठाव**

( **अतारांकित** प्रश्न क्रमांक : **743** ) **श्रीधरमलाल कौशिक**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) विगत खरीफ सीजन में प्रदेश के धान खरीदी केंद्रों से राईस मिलरों द्वारा धान का उठाव (कस्टम मिलिंग हेतु) समय पर न होने के कारण कुल कितने क्विंटल धान के खराब होने/सड़ने अथवा सूखत (वजन कम होने) की जानकारी विभाग को प्राप्त हुई है? जिलावार एवं समितिवार जानकारी देवें? (ख) धान उठाव में देरी होने के कारण शासन को कुल कितनी आर्थिक क्षति (नुकसान) हुई है तथा इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों या मिलर्स पर क्या कार्यवाही की गई है? जानकारी देवें? (ग) धान की शॉर्टेज के मामले में जून, 2026 तक कुल कितने समिति प्रबंधकों, प्रभारियों और राईस मिलर्स के खिलाफ क्या-क्या कार्यवाही की गई है? जानकारी देवें?

---

**उत्तर :**

समस्त कलेक्टर
मार्कफेड / अपेक्स बैंक